तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 8 मई 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 शादी समारोह में बासी रसगुल्ला खाकर गांव के 15 लोग उल्टी-दस्त के शिकार



## खबर संक्षेप

### लापरवाही बरतने पर स्टाफ नर्स निलंबित

**बैकुण्ठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि संजय कुमार स्टाफ नर्स जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर द्वारा लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन किए जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में संजय कुमार का मुख्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बैकुंठपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में संजय कुमार को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगा।

### युवक ने पेट्रोल पंप में किया तोड़फोड़, जुर्म दर्ज

**अम्बिकापुर।** युवक ने पेट्रोल पर में न सिर्फ तोड़फोड़ की बल्कि चौकीदार के साथ मारपीट कर पंप को आग लगा देने की धमकी दिया। ग्राम तिलसिवा निवासी राजकुमार यादव आ. हीरालाल एनएच स्थित पेट्रोल पंप में चौकीदार को काम करता है। बुधवार की रात ड्यूटी कर रहा था इसी दौरान देर रात 3.30 बजे ग्राम तिलसिवा निवासी गणेश राजवाड़े पहुंचा और चौकीदार के साथ मारपीट करने के साथ तोड़फोड़ करने लगा। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं चौकीदार ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### बस से टकराकर बिजली खंभा क्षतिग्रस्त

**बिश्रामपुर।** लोकसभा चुनाव संपन्न कराने हेतु पोलिंग पार्टी को मतदान केंद्र छोड़ने जा रही बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बिजली खंभे को क्षतिग्रस्त कर दिया है जिससे ग्राम कुंजनगर, हर्राटिकरा में आधे दिन विद्युत बाधा से ग्रामीण परेशान रहे।बताया गया कि सूरजपुर से कंदरई,कोरिया, जमदेई, पेंड्रखी ,रतनपुर के मतदान दलों के सदस्यों को लेकर जा रही बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कुंजनगर अटल चौक के पास एलटी लाइन के विद्युत खंभे को ठोकर मार दी।घटना में बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया और दो तीन गांवो में विद्युत बाधा की स्थिति निर्मित हो गई।

### चोरों ने घर के परछी से ले उड़े बाइक

**अम्बिकापुर।** घर के परछी में खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम गढबीरा खालपारा निवासी सुनील कुमार आ. तेलन राम (22 वर्ष) शुक्रवार की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएम 5032 को घर के परछी में खड़ा कर सो गया। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### आग से जल गई 9 एकड़ में लगी गेंहू की फसल

**धौरपुर।** सोमवार को ग्राम पंचायत पड़ौली में तैयार गेहूं की फसल को खेतों में धू-धू कर जलते देख अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। फसल को जलते देख किसानों ने आग बुझाने की जी तोड़ कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। आग से गांव के 10 किसानों के 9 एकड़ में लगी गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई है। ग्राम पंचायत पड़ौली के बड़ी संख्या में किसानों ने गेंहू की खेती की है। फसल पककर तैयार हो गई है लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर आए दिन विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के गांव में पहुंचने के कारण कृषि कार्यों में तेजी नहीं आ रही है। सुबह से चिलचिलाती धूप निकलने के कारण सूर्योदय के पूर्व ही किसान गेंहू की कटाई कर रहे हैं। कुछ किसानों ने अपनी फसल काटकर खेत में ही छोड़ दी थी। सोमवार को दोपहर 2 बजे अचानक गेंहू खेतों से आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।

## कोरिया में 80 प्रतिशत तो एमसीबी में 75 प्रतिशत मतदान, 27 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

# लोकतंत्र के महापर्व पर उमड़ी मतदान केन्द्रों में भीड़







हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने मंगलवार की अलसुबह से ही मतदान केन्द्रों में अच्छी खासी भीड़ उमड़ी रही। कोरिया-एमसीबी जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अपने मन पंसद सांसद के चुनाव के लिए बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाई। शाम 5 बजे तक कोरिया जिले में 76.90 प्रतिशत मतदान, वहीं एमसीबी जिले में 74.68 प्रतिशत मतदान हुआ था। शाम 6 बजे के बाद भी कई केन्द्रों में वोटिंग का क्रम जारी रहा। दोनों जिले में मतदान के दौरान कहीं भी कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं है। इसी के साथ कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनावी मैदान में उतरे 27 प्रत्याशियों की किस्मत ईव्हीएम में कैद हो गई है। 7 मई को लोकतंत्र के इस महापर्व में युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग वर्ग समेत अन्य वर्गो के लोगों ने अपनी सहभागिता बढ़-चढ़ कर निभाई। कोरिया कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने बताया कि सभी 228 मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थित तरीके से मॉक पोल कराने के बाद सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रारंभ हुआ। गर्मी के मद्देनजर सुबह से ही सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता पहुंचकर उत्साह से मतदान किए। सभी जगहों पर मतदाता के लिए पेयजल, छाया सहित विश्राम स्थल बनाए गए थे। कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत के दूरस्थ मतदान केन्द्रों में भी काफी संख्या में मतदाता मतदान करने के लिए पहुंचे। सोनहत जनपद के अंतर्गत ग्राम बड़वार, पहाड़पारा मतदान केन्द्र 192 में मतदान करने पहुंचे 70 वर्षीय श्रीमती कैलाशो बाई और करीब 73 वर्षीय किशुन राजवाड़े ने हंसते हुए बताया कि हम तो वोट डाल दिए हैं, अपना काम कर दिए, बाकी मतदाता भी वोट डालने पहुंचे। इस मतदान केन्द्र में 230 महिला मतदाता हैं एवं पुरूष मतदाताओं की संख्या 220 है। मतदान केन्द्र में मतदाताओं के लिए छांव, ठंडा पानी, कूलर, ओआरएस की घोल की व्यवस्था की गई है।

■ देर शाम तक मतदान केन्द्रों में लगी रही लंबी लाइन

### घुम्माडांड़ में कुछ विरोध फिर मतदान

कोरिया जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र में सुबह 7 बजे से ही मतदाताओं में जबरजस्त उत्साह देखा गया। कई मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग, दिव्यांग एवं शिशुवती माताएं वोट देने पहुंची थीं। दोपहर 3 बजे तक मिली जानकारी के अनुसार अभी तक 44 हजार 109 पुरुष मतदाता, 45 हजार 775 महिला मतदाताओं ने मतदान किया था। इसी तरह से जिले के वनांचल क्षेत्र सोनहत के सभी 78 मतदान केन्द्रों में मतदाता बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा ले रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धुम्माडांड़ मतदान केन्द्र 212 में महिला मतदाता 91 व पुरुष मतदाता 98 हैं। इनमें 50 से अधिक मतदाताओं ने मतदान कर चुके थे। ग्रामीण अपनी कुछ मांगों को लेकर नाराजगी जता रहे थे, जिस पर आश्वासन मिलने के बाद सभी हंसी खुशी मतदान डालने पहुंचे।

### वेब कास्टिंग से 153 मतदान केन्द्रों पर सीधी नजर

कोरिया जिले में लोकसभा निर्वाचन के तहत सभी 306 मतदान केन्द्रों पर प्रशासन की सीधी नजर रही। कैमरे के माध्यम से भी मतदान केन्द्रों पर कड़ी नजर रखी गई और निर्वाचन आयोग के निर्देशन में इस बार कोरिया जिले के 153 मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की गई और इसकी लगातार रिपोर्ट ली गई। निगरानी सजग रखने के लिए जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने वेब कास्टिंग मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और वहां कार्यरत टेक्निकल टीम को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने प्रत्येक केन्द्र की निगरानी रख रहे अधिकारियों से किसी भी असामान्य स्थिति पर तुरंत वहां के पीठासीन अधिकारी को सूचित करने और सेक्टर अधिकारी को भी अवगत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम उपस्थित रहे।

### मतदान केन्द्रों में ओआरएस घोल देने की रही व्यवस्था

मंगलवार को जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में लोकतंत्र के महापर्व मतदान में शामिल होने के लिए काफी संख्या में मतदाता कतार में लगे हुए रहे। युवा मतदान केन्द्र 119 खाड़ा व दिव्यांग मतदाता केन्द्र 120 जमगहना में मतदाताओं के लिए ओआरएस घोल देने की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य कर्मी द्वारा मतदाताओं को घोल बनाकर दे रहे हैं, वहीं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई। काफी संख्या में इन मतदान केन्द्रों में शिशुवती माताएं कतार में लगी रही तो बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता भी बड़े उत्साह के साथ मतदान में भाग लेते नजर आए।

### जिले की विभिन्न मतदान केंद्रों में लगी रही लंबी कतार

जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में मंगलवार को लोकतंत्र के महापर्व मतदान में शामिल होने के लिए बुजुर्गों सहित काफी संख्या में मतदाता कतार में लगे रहे। भीषण गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए पानी, छांव की व्यवस्था की गई थी, वहीं बुजुर्ग, दिव्यांग, गर्भवती महिलाओं को मतदान कराने में प्राथमिकता दी गई। सुबह करीब 7.15 बजे आदर्श मतदान केन्द्र 31 चेरवापारा एवं मतदान केन्द्र 32 छरछापारा में बुजुर्ग महिला सहित काफी संख्या में मतदाता, मतदान करने कतार में लग गए थे।

### पत्नी के साथ स्कूटी से पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री



छग शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपनी पत्नी श्रीमती कांति जायसवाल के साथ खड़गवां रतनपुर के गृहग्राम बूथ क्रमांक 134 ग्राम रतनपुर के प्राथमिक शाला में बने मतदान केन्द्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात भी किया।

### विधायक भईयालाल ने सरडी में किया मतदान



छग शासन के पूर्व श्रममंत्री एवं वर्तमान विधायक भईयालाल राजवाड़े ने अपने गृहग्राम सरडी के मतदान केन्द्र में वोट डाला। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर सभी से मतदान करने की अपील की और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता निभाने के लिए सभी मतदाताओं का आभार भी जताया।

### कलेक्टर ने लाइन में लगकर किया मतदान



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह, उनकी पत्नी श्रीमती डॉ.एकता लंगेह बैकुंठपुर के ओड़गी मतदान केन्द्र 131 में पहुंचे और कतार में लगकर मतदान किए। इस दौरान उन्होंने सभी से वोट डालने की अपील की और सेल्फी भी ली।

### कतवारी राम ने अदा किया फर्ज



लोकतंत्र को मजबूत बनाने सभी वर्ग के मतदाता वोट डालकर अपनी सहभागिता निभाए। इसी कड़ी में बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के चेहरापारा वार्ड क्रमांक 2 निवासी 90 वर्षीय कतवारी राम ने उत्साह पूर्वक मतदान करके अपना फर्ज अदा किया। इस उम्र में मतदान करने का जो कार्य किया है, इसे उनके जज्बे और मतदान के प्रति जागरूकता ही माना जाएगा, साथ ही अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणा भी है।

### ऐसे बढ़ा मतदान का प्रतिशत

मतदान का प्रतिशत विधानसभा 03 बैकुण्ठपुर

| क्र. | रिपोर्ट का समय | पुरूष | महिला | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रातः 9 बजे | 12218 | 12538 | 01 | 14.50 प्रतिशत |
| 2. | प्रातः11 बजे | 29168 | 30109 | 03 | 34.71 प्रतिशत |
| 3. | दोपहर 1 बजे | 44109 | 45775 | 03 | 52.63 प्रतिशत |
| 4. | दोपहर 3 बजे | 55595 | 56719 | 03 | 65.75 प्रतिशत |
| 5. | सायं 5 बजे | 65715 | 65605 | 03 | 76.90 प्रतिशत |
| 6. | सायं 6 बजे | | | | |

### एसपी परिहार ने किया मतदान



मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने शासकीय माध्यमिक शाला ओड़गी मतदान केन्द्र क्रमांक 131 में मतदान किया। एसपी श्री परिहार ने जिलेवासियों से मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग लेने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की है।

### एमसीबी कलेक्टर-एसपी ने किया मतदान


चुनाव का पर्व देश का गर्व में मंगलवार को हिस्सा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक



चंद्रमोहन सिंह कतार में लगकर मतदान किए। नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ प्राथमिक शाला रैन बसेरा के पास मतदान क्रमांक 02 में सामान्य मतदताओं के समान लाइन में लगकर मतदान किए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र में उपस्थित सुरक्षा बल के जवानों के साथ हाथ मिलाकर पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने मतदान केन्द्र में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारी को भी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने एक साथ सेल्फी ली। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र में उपस्थित सभी मतदाताओं को जागरूकता के साथ मतदान करने के लिए बधाई दी।

### कोरिया कालरी में हुआ शांतिपूर्ण मतदान

**कोरिया कालरी।** चुनाव प्रचार के समाप्त होते ही जैसे ही मतदान का दिन आया तो लोकसभा के मतदान के लिए तैयार किए गए



बूथों पर सुबह से ही मतदान करने वालों की कतार देखने मिली। कोरिया कॉलरी में इस बार भी नए युवा मतदाता अपने जीवन के पहले मतदान करने में काफी उत्सुक नजर आए, वहीं दूसरी ओर गर्मी के कड़ी धूप को मात देते हुए महिला, पुरुष समेत कई बुजुर्ग मतदाताओं ने भी अपने मताधिकर का पालन करने पोलिंग बूथ में पहुंचे। तेज गर्मी के बाद भी मतदाताओं में काफी जोश दिखा, दोपहर 2 बजे के बाद मौसम में हल्की ठंडक देखने को मिला। कोरिया कॉलरी की जनता हमेशा से किसी भी चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही है और लोकतंत्र के गरिमा को हमेशा सजग रखने की कोशिश में जुटी रही। यहां के मतदान केन्द्रों की बात करें तो यहां का वर्षो पुराना शासकीय उच्चतर विद्यालय, कंटिन विद्यालय एवं सामुदायिक भवन मितवानगर में मतदान केन्द्र में अलग -अलग कक्ष बनाया गया।

### 9 बजे ही शेराडॉड़ में शत-प्रतिशत मतदान



कोरिया जिले में एक अनोखा रिकार्ड बन गया है। इस जिले के एक मतदान केन्द्र में सुबह 9 बजे ही शत-प्रतिशत मतदान हो चुका था। दरअसल शेराडांड़ नामक मतदान केन्द्र क्रमांक 143 में सुबह 9 बजे तक शत-प्रतिशत मतदान हुआ है। इस तरह शत-प्रतिशत मतदान कराने वाला प्रदेश का एकमात्र केन्द्र बन गया। शेराडांड़ में 3 पुरुष, 2 महिला यानी कुल 5 मतदाता हैं। सुबह 9 बजे से पहले ही इन सभी मतदाताओं ने वोट डाल लिए। विदित हो कि कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने मतदाताओं को अपनी शत-प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए आभार व्यक्त किया है।

### मुंबई से आकर राजकुमार ने किया मतदान



जिले के दूरस्थ मतदान केन्द्रों में 7 मई को काफी संख्या में मतदाता मतदान करने के लिए पहुंचे। सोनहत जनपद के अंतर्गत मतदान केन्द्र 203 कछार में दिव्यांग मतदाताओं को स्काउट के छात्रों ने व्हील चेयर में बैठाकर मतदान केन्द्र तक पहुंचा रहे हैं, अपने कर्त्तव्य को भली भॉति समझते हुए सेवाभावी कार्य कर एक मिसाल दी है। बैकुंठपुर विकासखंड़ के ग्राम अमरपुर निवासी राजकुमार फिलहाल मुंबई में काम करते हैं। उन्होंने मतदान के प्रति जो जागरूकता और ललक दिखाई है वह प्रेरणा है। राज कुमार अमरपुर के मतदान केन्द्र पहुंच कर मतदान किया।

### स्काउट गाइड ने मतदाता मित्र के रूप में किया सेवा



विधानसभा बैकुंठपुर एवं सोनहत के 142 मतदान केन्द्रों में 276 स्काउट गाइड के द्वारा मतदाता मित्र के रूप में अपनी सेवाएं दी गई। इसमें प्रमुख रुप से बुजुर्गों, शारीरिक रूप से अक्षम, दिव्यांगों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए सुविधाओं का उपलब्धता करने में सहयोग प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया नागेश्वर साहू के नेतृत्व में उक्त कार्य संचालित किया गया।

### मतदान केन्द्रों में पिलाया गया शुद्ध पेयजल

लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए कई इंतजाम किए गए हैं। गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी की गई है। गर्मी के दिनों में डिहाइट्रेशन की समस्या आम होती है। इससे बचने के लिए कुछ अंतराल में पानी पीते रहना स्वास्थ्यवर्धक होता है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में ग्राम पंचायत तथा स्व सहायता समूहों की महिलाओं, समाजसेवियों, स्वयं सेवकों के द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। कई मतदान केन्द्रों में प्याऊ भी बनाया गया है।

## चरचा कॉलरी में 106 वर्षीय बुजुर्ग ने किया मतदान





**चरचा कालरी।** देश की 18 वीं लोकसभा गठन के लिए 7 मई को तीसरे चरण के मतदान में चरचा कॉलरी के सबसे वरिष्ठ 106 वर्षीय बुजुर्ग सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मचारी दुर्गा ठाकुर मतदान करने के लिए बेहद उत्साहित है। उन्होंने कहा कि उनका जन्म 1918 में हुआ, इसके पश्चात देश के हर लोकसभा चुनाव में उन्होंने मतदान किया है।

वर्ष 1947 में आजादी मिलने के बाद 25 अक्टूबर 1951 एवं 28 फरवरी 1952 के बीच देश के पहले लोकसभा चुनाव संपन्न किए गए, तब पंडित जवाहरलाल नेहरू प्रधान प्रधानमंत्री बने थे। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर मोदी के वर्तमान कार्यकाल तक दुर्गा ठाकुर के वोट का अहम योगदान रहा है। अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान बिहार राज्य की कोयला खदान में उन्होंने काम किया, उस समय उनके साथ श्री बंसल अधिकारी रहा करते थे जो बाद में चरचा कालरी आ गए थे और उन्होंने ही दुर्गा ठाकुर को वर्ष 1967 में बुलाकर चरचा कालरी में काम में लगाया। उस समय खदान में संसाधनों की बेहद कमी थी। खदान के अंदर कोई काम नहीं करना चाहता था, स्थानीय नागरिक खदान जाने से डरते थे, ऐसी स्थिति में बाहर से बुलाकर लोगों को काम पर रखा गया।

चरचा कालरी की खदान से सेवानिवृत्त होने के पश्चात वे नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 14 में पूरे परिवार के साथ रह रहे हैं। चार पीढ़ी देख चुके श्री ठाकुर अच्छी तरह स्वस्थ हैं व चलते-फिरते हैं। चुनाव के बारे में उन्होंने कहा कि मतदान अवश्य करना चाहिए, पहले हम लोग जब वोट देते थे, तब दुनिया छोटी थी और अब दुनिया बहुत बड़ी हो गई है, जमाना बदल गया है, हमारा देश आगे बढ़ रहा है।

### भाजपा महिला मोर्चा ने किया सम्मान

महिला मोर्चा शिवपुर चरचा मंडल की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला सिंह, महिला मंडल की महामंत्री श्रीमती प्रियंका सिंह, युवा मोर्चा की जिला मंत्री साक्षी सिंह, जिला एनजीओ प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिल्पा शर्मा के द्वारा नगर पालिका शिवपुर चरचा के सबसे बुजुर्ग मतदाता दुर्गा ठाकुर को पुष्प गुच्छ भेंट कर वह मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। श्रीमती उर्मिला सिंह ने कहा कि हम सभी के लिए बेहद गर्व का विषय है कि हमें जिले के सबसे बुजुर्ग मतदाता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। भाजपा महिला मोर्चा की समस्त बहने दादा दुर्गा ठाकुर का अभिनंदन करती हैं। 106 वर्षीय दादा दुर्गा ठाकुर मतदान किए।

### सुबह से लगी रही भीड़

लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के चरचा कॉलरी में काफी उत्साह देखने को मिला। दोपहर 12 बजे के बाद चिलचिलाती धूप में मतदान में काफी फर्क देखने को मिला, वहीं 1 बजे के बाद मौसम ने करवट बदली और रिमझिम बारिश के साथ मतदातागण मतदान करने पहुंच रहे थे। नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र में दोपहर 2.30 बजे तक 50 प्रतिशत मतदान हो चुका था। इसमें वार्ड क्रमांक 1 ग्राम शिवपुर में 60 प्रतिशत मतदान किया गया। मतदान करने बढ़-चढ़कर ग्रामीण मतदान केन्द्र पहुंचे। नगर पालिका द्वारा सभी मतदान केन्द्रों में गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए पानी की व्यवस्था, विकलांगों को व्हील चेयर व अन्य सामग्री की व्यवस्था की गई थी। सभी केन्द्रों में नपा कर्मचारी मौजूद रहे। मतदान स्थल पर जिले के उच्चाधिकारियों का दौरा लगातार चलता रहा। शाम 5 बजे तक 62.8 प्रतिशत मतदान किया गया।

## खबर संक्षेप




### सेल्फी जोन में कोरवाओं ने भी लिया सेल्फी

**जशपुरनगर।** लोकसभा चुनाव में मतदान करने के बाद सभी वर्गो के लोग सेल्फी जोन में जाकर सेल्फियॉ ले रहे हैं और सल्फीयों को सोशल मीडिया में टैग करते हुए मेरा वोट, मेरी ताकत, मैने भी मतदान किया, अब आपकी बारी जैसे संदेश लिखकर पोस्ट कर रहे हैं। सुबह से ही सोशल मीडिया में इस प्रकार की तस्वीरें लगातार आ रही है। अब पहाड़ी कोरवा मतदाता भी सेल्फी लेने में दिलचस्पी ले रहे हैं। मतदान केन्द्र कादोपानी में 62 वर्षीय पहाड़ी कोरवा सागुराम अमिट स्याही लगी अंगुली दिखाकर सेल्फी ले रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में 48 वर्षीय पहाड़ी कोरवा महिला समरी बाई भी सेल्फी लेती हुई दिखाई दे रही है।

### नव दंपति जोड़े पहुंचे मतदान केन्द्र

**जशपुरनगर।** जशपुर विधानसभा के विकासखण्ड मनोरा में बनाए गए मतदान केन्द्र माडो पहुंचकर नव दंपति जोड़े योगेश खाखा पत्नी करिश्मा खाखा के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



वोट डालने के बाद उन्होंने सेल्फी जोन में जाकर सेल्फी ली और सभी को मतदान कराने का संदेश दिया।मरियमटोली माडो के रहने वाले योगेश खाखा 27 वर्ष के है, जबकि उनकी पत्नी करिश्मा 24 वर्ष की है। दोनों का विवाह हाल ही में हुआ है। उन्होंने बताया कि विवाह के बाद उन्होंने पहली बार मतदान किया है। अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट देकर वे बेहद खुश है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को अपना वोट देना चाहिए। विकास और बेहतर समाज के लिए अच्छे प्रतिनिधि का चयन आवश्यक है जो मतदान के जरिये किया जा सकता है।

### मतदान के बीच शाम को अंधड़ के साथ झमाझम बारिश

**जशपुरनगर।** लोक तन्त्र के महा पर्व में लोकसभा चुनाव के दौरान शाम चार बजे से तेज अंधड़ के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। साथ ही छोटे छोटे ओले भी गिरे। मौसम में सुबह से ही बादलों की आंख मिचौली चल रही थी। बदली के कारण तापमान में नरमी दिख रहीं थी। शाम 4 बजे से तेज अंधड़ शुरु हो गया फिर थोड़ी देर में झमाझम बारिश होने लगी। पानी की बूंदों के साथ साथ छोटे छोटे ओले भी गिरने लगे थे। ऐसे समय झमाझम बारिश होने से मतदान के प्रतिशत में कमी आने की संभावना है।

### मेडिकल कॉलेज के बाउंसर पर मारपीट का आरोप

**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों सहित डॉक्टर व चिकित्सा स्टाफ की सुरक्षा के लिए सालाना 1 करोड़ के ठेके पर कामथेन सिक्योरिटी एजेंसी को नियोजित किया गया है। एजेंसी ने वर्दीधारी गार्डो के साथ ही अलग से महिला व पुरूष बाउंसरों की तैनाती की है। लेकिन बाउंसर अस्पताल में खुद धात लगा रहे हैं और ड्यूटी करते हुए वहां मरीजों से मिलने या देखरेख के लिए पहुंचे परिजनों से बदसलूकी और मारपीट करने का आरोप लगा है। बाउंसरों के इस तरह दबंगाई से अस्पताल परिसर में पहुंचने वाले लोग भयभीत नजर आ रहे हैं। मामले के बाद अस्पताल प्रबंधन भी इस बाउंसरों द्वारा की गई इस कृत्य को लेकर हतप्रद हैं।

### मकान से नकदी की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड शांति नगर निवासी दीपधर चंद्रा बालको संयंत्र में आपरेटर का काम करता है। 29 अप्रैल की सुबह लगभग 7 बजे अपने परिवार के साथ दीपधर चांपा गया था। 30 अप्रेल की सुबह लगभग 8:30 बजे वह अपने घर हाउसिंग बोर्ड शांतिनगर आया तो देखा कि घर के दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखे आलमारी में रखे नगदी रकम लगभग 65 हजार रूपये को किसी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।



विशेष रूप से सजाया गया था मतदान केंद्र बगिया।




बुजुर्गों के लिए सरकार ने की थी मतदान रथ की व्यवस्था।




पत्थलगांव के मतदान केंद्र में लगी लंबी लाइन।

## मतदाताओं में भारी उत्साह, मतदान करने लगी लंबी-लंबी लाइन, केन्द्रों में किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# 102 वर्षीय मझियो ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल सेल्फी जोन में ।




मतदान के बाद चिन्ह दिखाते एसपी।




जिपं सीईओ ने अपनी पत्नी के साथ किया मतदान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- 100 वर्षीय पहाड़ी कोरवा तेजन राम पहाड़िया व 95 वर्षीय महिला सुबासो बाई ने भी किया मतदान

जिले के तीनों विधान सभा में प्रातः 7 बजे से ही मतदान प्रारंभ हो गया था। सबेरे 100 साल के बुजुर्ग पहाड़ी कोरवा तेजन राम पहाड़यिा एनएसएस छात्र-छात्रों के साथ मतदान केन्द्र भितघरा पहंचे और मतदान किया। ऐसी ही तस्वीर मतदान केन्द्र पण्डरीपानी से आई है। जिसमें 95 वर्षीय पहाड़ी कोरवा महिला सुबासो मतदान करने पहुंची। तस्वीर में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवक छात्राएं उन्हें व्हील चेयर पर ले जाती हुई दिखाई पड़ रही है। बुजुर्ग महिलाओं में वोट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वोट डालने के लिए 85 वर्षीय बसंती चौहान मतदान केन्द्र पण्डरीपानी पहुंची। मतदान केन्द्र भितघरा में 102 वर्ष की बुजुर्ग महिला मझियों नाग ने भी अपने मत का प्रयोग किया। मतदान करने आए इन बुजुर्गो का कहना है कि यह उनका कर्तव्य नहीं बल्कि उनका धर्म है। इसे हर हाल में पूरा करना चाहिए। जब तक वे जीवित है इसका पालन करते रहेगें। उनका कहना है कि एक वोट भी निर्णायक हो सकता है। इसलिए समाज के हित के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।



## सीएम साय ने गृह ग्राम बगिया में परिवार सहित किया मतदान

जशपुरनगर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को अपने गृह ग्राम बगिया के प्राथमिक शाला बूथ क्रमांक 49 में परिवार सहित मतदान किया। मतदान के लिए श्री साय,उनकी मां जसमनी साय, पत्नी कौशल्या साय, बेटा तोशेंद्र साय, बेटी स्मृति साय, बहु राजकुमारी साय सहित पूरे परिवार ने लाइन में खड़े होकर अपने बारी का इंतजार कर मतदान किया। मतदान के बाद सीएम साय ने कहा कि जन-जन में मोदी और भाजपा के प्रति उत्साह है। आगामी 4 जून को 400 पार होगा और प्रदेश की सभी 11 सीटें हम जीत रहे हैं। सीएम श्री साय ने कहा कि जनता बीजेपी का काम सामने रखकर मतदान की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नई दिशा और दशा प्राप्त कर रहा है, वह अभूतपूर्व है। इसी का परिणाम है कि इस लोक सभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में माहौल बना हुआ है। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।



अपने मताधिकार का प्रयोग करती महिला।



मतदान पश्चात 100 वर्षीय मतदाता तेजन राम।

### मतदान केन्द्र में निकला कोबरा आधे घण्टे तक मतदान प्रभावित

**कोतबा।** नागलोक के नाम से मशहूर फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गंझियाडीह माध्यमिक शाला के मतदान केन्द्र क्रमांक 209 में सुबह 10:30 बजे अचानक कोबरा सांप निकल गया। मतदान केन्द्र के बाहर इधर उधर घूमते देख मतदाता डर गए सांप निकलने की बात गाँव मे आग की तरह फैल गई। मतदान प्रभावित होने की स्थिति देख जागरूक ग्रामीण शिवकुमार साय ने स्नैक रेस्क्यू करने कोतबा के मयंक शर्मा को सूचना देकर बुलाया। सांप निकलने से मतदान प्रभावित होने की सूचना मिलते मयंक शर्मा तत्काल मतदान केन्द्र पहुँच कर काफी जदोजहद के बाद कोबरा को डब्बे में बंद कर सफल रेस्क्यू कर आम्बाकछार के जंगल में सांप को सुरक्षित छोड़ दिया।

### मधुमक्खी के हमले से घायल लोगों से मिलने पहुंची विधायक

**जशपुर।** मधुमक्खी के हमले से घायल लोगों से मिलने विधायक जिला चिकित्सालय पहुंची। यहां घायलों का हाल जान समुचित स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन उन्होंने दिया है। आरा के हाई स्कूल में मतदान के दौरान मतदाताओं पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था,जिसमें 8 ग्रामीण घायल हो गए थे,सभी घायलों को संजीवनी 108 की मदद से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया।घटना की जानकारी मिलते ही विधायक तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंची और घायलों का हाल जान चिकित्सकों को तत्काल समुचित उपचार का निर्देश दिया। घायलों से चर्चा करते विधायक ने कहा कि वे किसी भी बात की चिंता न करें। उपचार में हर संभव मदद किया जाएगा।

### पारंपारिक परिधान में मतदान करने बगिया पहुंची महिलाएं

**जशपुरनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के तीनों विधानसभा में पांच-पांच आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। विधानसभा कुनकुरी के आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 45 बगिया में पारंपारिक परिधान में महिलाओं का समूह मतदान करने पहुंचीं। आदर्श मतदान केन्द्र बगिया में निर्वाचन आयोग के द्वारा खास सजावट की गई थी। । मतदान केन्द्र बगिया का प्रवेश द्वार बांस से बने टोकनी, पंखे आदि से बनाया गया था। प्रवेश द्वार पर मोर पंख से सजावट की गई थी। मतदान करने के पश्चात सेल्फी के लिए बनाए गए सेल्फी जोन भी मोहक लग रहे थे। ढोल, सूपा, मयूर पंख, बांस से बनी आकृतियों से बनाए गए सेल्फी जोन में मतदाताओं के द्वारा मतदान करने के बाद सेल्फियॉ ली जा रही थी।



दिव्यांग केशव यादव ने भी किया मतदान।

### केबल वायर की चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस कालोनी में निवास करने वाले सतीश कुमार साहू पाम माल में जूनियर इंजीनियर का कार्य करता है। सतीश के द्वारा 2 मई को एक्जास्ट को चेक किया जा रहा था तो उसे पता चला कि केबल को काटा और खोला गया है। जांच के पश्चात ज्ञात हुआ कि पाम माल छत से 35 मीटर कापर केबल चोरी हो गया है और पम्प श्रम से कट पीस केबल भी चोरी गया है। चोरी गए सामान की कुल कीमल लगभग 47 से 48 हजार रूपये है। घटना की जांच के दौरान नाईट सिप्ट में काम करने वाले कर्मचारी कटईनार बांकीमोंगरा निवासी गुरपेश प्रताप सिंह उम्र 39 साल पिता मनिराम से पूछताछ करने पर उसके द्वारा केबल वायर व कटपीस सामान को चोरी कर विगत दो ढाई माह से धीरे धीरे ले जाना बताया गया। सतीश की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुरपेश के विरुद्ध धारा 381 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## अनारक्षित टिकट काउंटर पर क्यूआर कोड की सुविधा देने की कवायद

**कोरबा।** डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्रियों को टिकट के लिए लाइन लगने की परेशानी से निजाद दिलाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान करने के साथ ही आनरक्षित टिकट काउंटर में क्यूआर कोड की सुविधा उपलब्ध कराने की कवायद बिलासपुर मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों में शुरु कर दी गई है। इसी कड़ी में टिकट काउंटरों से अनारक्षित टिकट खरीदने वाले यात्रियों को चिल्हर की समस्या से निजाद दिलाने तथा डिजिटल भुगतान की सुविधा को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिलासपुर स्टेशन के टिकट काउंटर पर टिकटों के भुगतान हेतु क्यूआर कोड की सुविधा प्रायोगिक रूप से उपलब्ध कराई जा रही है।

## तीनों विधानसभा में चल रहे गतिविधियों पर रही निरंतर निगरानी

# कलेक्टर व सीईओ ने कंट्रोल एवं कमांड सेंटर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार ने कलेक्ट्रेट में बनाए गए जिला कंट्रोल एवं कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू से संचालन के लिए जिला कलेक्ट्रेट के मंत्रणा सभा कक्ष में कमांड सेंटर तैयार किया गया है एवं शिकायतों के निवारण के लिए कंट्रोल रूम तैयार किया गया है।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जिले के तीनों विधानसभा जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव के लिए वोटिंग टर्न आउट सेक्शन, मीडिया कमांड सेंटर वेब कास्टिंग तथा तथा शिकायत माउंटेनिंग कक्ष का निरीक्षण किया। जिसमें जिले के तीनों विधानसभा के लिए अलग-अलग



लगभग अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने वेब कास्टिंग, मीडिया कमांड सेंटर एवं वोटिंग टर्न आउट का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों से किए एवं निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने जिला कंट्रोल एवं कमांड सेंटर में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का निरंतर मॉनिटरिंग कर रहें है उन्होंने बताया कि मतदान केन्दों में मॉक पोल की प्राक्रिया पूर्ण कर मतदान प्रारंभ किया जा चुका है।

### रासेयो व स्काउट गाइड के वालंटियर्स ने किया मदद



**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना और स्काउट गाईड वालंटियर्स मतदान केंद्रों में बुजुर्ग मतदाताओं की मतदान करने में सहायता कर रहे हैं। तस्वीर में कुनकुरी विधानसभा के टांगरटोली मतदान केंद्र क्रमांक 131 में बुजुर्ग मतदाता की सहायता करते एन.एस.एस. के स्वयंसेवक देखे जा सकते है। एक और तस्वीर कुनकुरी से आ रही है। जिसमें मतदान केन्द्र क्रमांक 134 गीधासांड में दो स्वयं सेवक बच्चियां बुजुर्ग महिला मतदाता की सहायता करती हुई दिखाई दे रही हैं। मतदान केन्द्र क्रमांक 66 खारीजरिया और मतदान केन्द्रों क्रमांक 147 दुलदुला में स्काउट गाइड के द्वारा बुजुर्ग महिला मतदाता की सहायता करते हुए ऐसी ही तस्वीरें आ रही है।

## रूपाली, अंजू और अल्पना ने किया पहली बार उत्साहपूर्वक मतदान








**जशपुरनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में युवा मतदाताओं का मतदान के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से युवतियॉ उत्साह के साथ वोटिंग कर रही हैं और अपने मतदान का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने में भागीदार बन रही हैं।

जशपुर विधान सभा क्षेत्र क्रमांक-12 के मतदान केंद्र क्रमांक 154 केराकछार में फर्स्ट युवा वोटर अल्पना तिर्की ने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। फरसाबहार के मतदान केन्द्र क्रमांक 253 और 252 में ऐसे ही युवा मतदाता 19 वर्षीय अंजू खलखो और रूपाली तिर्की ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अंजू खलखो, रूपाली तिर्की और अल्पना तिर्की ने बताया कि उन्हें अपने जीवन में पहली बार मतदान करने का अवसर प्राप्त हुआ है और वे इसको लेकर काफ़ी उत्साहित है। उन्होंने बताया कि उत्साह के कारण वे प्रातः 7.30 बजे ही मतदान केंद्र पहुँच गए थे। पहली बार उन्हें अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने का अवसर मिला है। उन्होंने मतदान केंद्र में बने सेल्फी जोन में अपनी उंगली में लगी अमित स्याही दिखाते हुए फोटो भी ली जिसे वे सोशल मीडिया में वायरल भी करेंगी।




## विवादों में घिरी जॉली एलएलबी-3, अक्षय अरशद वारसी के खिलाफ शिकायत

**मुंबई।** अजमेर के डीआरएम ऑफिस में चल रही जॉली एलएलबी-3 की शूटिंग को लेकर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान राठौड़ सेशन कोर्ट में अर्जी लगाई है। इसमें जज और वकीलों की छवि खराब करने, नियम विरुद्ध फिल्म शूट करने और आपत्तिजनक डायलॉग्स को लेकर शिकायत दी गई है। सिविल न्यायाधीश और न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर अजमेर शहर में मंगलवार को इस पर सुनवाई होगी। जिला क राजीव धनखड़, अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित और सिविल लाइंस एसएचओ छोटू लाल के खिलाफ शिकायत दी है। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कई वकीलों को बुलाया गया था। लेकिन, शूटिंग के दौरान अक्षय के बाउंसर्स ने उनके साथ बुरा बर्ताव किया।

लाइफ Style



# शिल्पा

## गोल्डन साड़ी में दिखा दिलकश अंदाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था।

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को भारतीय पोशाक साड़ी पहनना कितना पसंद है ये बात तो किसी से छिपी नहीं है। शिल्पा शेट्टी अक्सर ही इंडियन वियर पहने नजर आती हैं। हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने फैशन डिजाइनर आशा के कलेक्शन 'एताशा'को रैंप पर उतारा। इस फैशन शो में रैंप वॉक से पहले एक्ट्रेस ने बताया कि वह हमेशा ही किसी भी शो से पहले प्राणायाम करने के लिए समय निकालती हैं। शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था। शिल्पा शेट्टी इस लुक में बेहद गॉर्जियस लग रही थीं।

वॉक के बाद शिल्पा ने कहा, 'मैंने आशा जैन का 'एताशा'कलेक्शन पहना है। मैंने जो पहना है, वह मुझे बेहद पसंद है। यह बहुत आरामदायक है। मुझे साड़ी पहनना बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि जब आप बाहर जा रहे हों और अलग दिखने के साथ-साथ आपको आरामदायक भी चुनना हो तो इस तरह का आउटफिट चुनना सही है।'

हॉलीवुड मसाला




## अद्भुत एक्टर थे बर्नार्ड हिल

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड के बड़े एक्टर्स में गिने जाने वाले बर्नार्ड हिल का 79 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने 1997 में आई 'टाइटैनिक' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' ट्रायोलॉजी में अहम भूमिकाएं निभाई थीं। इस बात की जानकारी मशहूर स्कॉटिश सिंगर और म्यूजिशियन बार्बरा डिक्सन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करके दी है। बारबरा डिक्सन ने लिखा है, 'बहुत दुख की बात है कि मुझे बर्नार्ड हिल के निधन के बारे में लिखना पड़ रहा है।




## एक बार फिर अंतरिक्ष की सैर करेंगे रयान गोसलिंग

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेता रयान गोसलिंग अपनी फिल्म 'द फॉल गाई' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में एमिली ब्लंट ने भी मुख्य भूमिका निभाई हैं। यह एक रोमांटिक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। कुछ ही दिन पहले बर्लिन में फिल्म के प्रीमियर का आयोजन किया गया था। वहीं, अब दर्शक भी इस फिल्म का मजा ले रहे हैं। फिल्म का निर्देशन डेविड लीच ने किया है। 'द फॉल गाई' में दर्शकों को एक से बढ़कर एक स्टंट देखने को मिलेंगे। इस फिल्म के अलावा रयान अपनी अगली फिल्मों से भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। रयान गोसलिंग के फैंस के लिए बड़ी खबर यह है कि एक बार फिर से उन्हें अंतरिक्ष यात्री के किरदार में देखने का मौका मिलने वाला है। वह आने वाले दिनों में फिल्म 'प्रोजेक्ट हेल मैरी' में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह रायलैंड ग्रेस की भूमिका निभाने जा रहे हैं।



## कंगना ने अमिताभ से की तुलना, उड़ा मजाक

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोस प्रत्याशी कंगना इन दिनों जमकर कैंपेन कर रही हैं। एक भाषण के दौरान कंगना ने अपनी तुलना सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से कर दी। कंगना ने कुछ ऐसा कर दिया कि वह ट्विटर पर ट्रेंड होने लगी हैं और यूजर्स भी उनकी खिंचाई कर रहे हैं। कंगना का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में अगर अमिताभ के बाद किसी को सबसे अधिक प्यार और सम्मान मिलता है, तो वह उन्हें मिलता है। वीडियो में कंगना कह रही हैं, 'सारा देश परेशान है, कि वो कंगना, चाहे राजस्थान चली जाऊं, चाहे मैं पश्चिम बंगाल चली जाऊं, चाहे मैं दिल्ली चली जाऊं, चाहे मैं मणिपुर चली जाऊं... ऐसा लगता है कि मानो इतना प्यार और इतना सम्मान...मैं दावे से कह सकती हूं कि इतना प्यार और इतना सम्मान अमिताभ जी के बाद आज किसी को इंडस्ट्री में मिलता है, तो वो मुझे मिलता है।'



## पिता की आखिरी इच्छा पूरा नहीं कर पाए

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली एक ऐसे फिल्म मेकर हैं, जो शानदार फिल्में बनाने और कहानियों को खूबसूरती से बयां करने के लिए जाने जाते हैं। नेटफ्लिक्स पर उनका पहला वेब शो 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' इस बात को साबित कर रहा है। 'हीरामंडी' लोगों को पसंद आ रही है। इसमें भंसाली ने अपनी बनाई जादुई दुनिया दिखाई है। शो में बड़े और खूबसूरत सेट, शानदार सीन्स, बेहतरीन डायलॉग्स, कमाल का कैमरा वर्क और शानदार म्यूजिक है। हालांकि भंसाली अपनी फिल्मों में भावनाओं को बखूबी दिखाने में माहिर हैं, लेकिन बताया जाता है कि उनके पिता नवीन भंसाली कभी सफलता नहीं पा सके थे। अब अपने नए इंटरव्यू में भंसाली ने अपने पिता की आखिरी इच्छा को पूरा न कर सकने का इमोशनल किस्सा सुनाया है।

टीवी मसाला



## सुनील पाल ने कहा, अच्छा है कपिल का शो बंद हो रहा

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा इन दिनों लगातार 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस बार कपिल अपना शो टीवी पर नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर लेकर आए हैं। खास बात ये भी रही कि कई सालों के बाद दर्शकों को कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी एक साथ पर्दे पर देखने को मिली। शो पर कई सितारों ने अपनी मौजूदगी से चार-चांद लगाया। लेकिन ये पहला ऐसा मौका रहा जब इस शो को दर्शकों का उतना प्यार नहीं मिला, जितना हर बाद देखने को मिलता था। ऐसे में बीते दिनों कपिल शर्मा के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के बंद होने की खबर ने उनके फैंस को काफी हैरान कर दिया। ऐसे में अब सुनील पाल ने कपिल के शो के बंद होने की खबर पर रिएक्ट किया है। सुनील पाल ने कहा, ''द ग्रेट इंडियन कपिल शो' जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग हो रहा था। सुनने में आ रहा है कि ये शो बंद हो रहा है। तो मैं कपिल से ये कहना चाहूंगा कि अच्छा है जो आपका शो यहां से बंद हो रहा है, क्योंकि आप नेटफ्लिक्स ओटीटी के आर्टिस्ट नहीं हो, आप टीवी के घर-घर के आर्टिस्ट हो। मैंने कहा था कि घर-घर में देखा जाता है सिर्फ कपिल शर्मा को।

### टीवी से परिणीति ने किया था डेब्यू

**नई दिल्ली।** अमर सिंह चमकीला में अपनी एक्टिंग के लिए सुर्खियां बटोर रहीं परिणीति चोपड़ा के बारे में सब जानते हैं कि उन्होंने फिल्म 'इश्कजादे' से अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, ऐसा है नहीं। परिणीति ने फिल्मों से नहीं, बल्कि टीवी से अपने करियर की शुरुआत की थी। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पुराना वीडियो शेयर करते हुए लिखा- ' मॉय रीयल डब्यू।' परिणीति ने जो वीडियो शेयर किया उसमें वो दूरदर्शन के किसी शो में गाना गाती नजर आ रही हैं। परिणीति ने 13 साल की उम्र में सबसे पहले कैमरा फेस किया था। वीडियो में वो लाल रंग का सूट पहने हुई हैं। परिणीति वीडियो में दूसरे बच्चों के साथ से 'अपने देश की सेवा करेंगे हम' गाना गाती नजर आ रही हैं। परिणीति की थ्रोबैक वीडियो देखकर फैंस हैरान हैं। परिणीति चोपड़ा इन दिनों 'अमर सिंह चमकीला' की सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं।



## शम्मी कपूर भारत में इंटरनेट आने से पहले ही थे ऑनलाइन एक्टिव...

### इंडस्ट्री का बना कंप्यूटर गुरु

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जीनत अमान, वैजयंती माला और जीतेंद्र सहित कई पुराने दौर के एक्टर हैं, जो आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और लोगों के साथ सोशल मीडिया पर भी जुड़े रहते हैं। लेकिन, इनमें से 'इंडस्ट्री का कंप्यूटर गुरु' कोई नहीं बना। जबकि शम्मी कपूर भारत में इंटरनेट आने से पहले ही ऑनलाइन एक्टिव था।



शम्मी कपूर ने 'कभी खुद को कहा 'जंगली' तो कभी कहा 'जानवर'। लेकिन, जब इनका अंदाज देखा तो सबने कहा 'तुम सा नहीं देखा कोई दूसरा हुजूर। उसके जीन में अदाकारी था। उस खानदान में वह पैदा हुए, जहां थिएटर पेशा भी था और व्यवसाय भी। घर में रात-दिन सिर्फ एक्टिंग की बातें हुआ करती थी। उन्होंने मुमताज, साधना, जीनत अमान सहित कई दिग्गज अभिनेत्रियों के साथ स्क्रीन को शेयर किया। उन्होंने 60-70 के दशक में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में देकर अपने पिता का नाम रोशन किया। जिस दौर में लोग डाकघर में चिट्ठियों को पोस्ट किया करते थे, उस दौर में वह इंडस्ट्री का कंप्यूटर गुरु बन गए थे। शम्मी कपूर और मुमताज के प्यार के किस्से जितने मशहूर हैं, उतना ही उनका कंप्यूटर से प्यार में पड़ जाने वाले किस्से हैं।

जब भारत में ज्यादातर लोग इंटरनेट के बारे में जानते भी नहीं थे, शम्मी उस वक्त इंटरनेट पर काफी एक्टिव हो चुके थे। ये सुनने में थोड़ा अजीब है, लेकिन ये सच है। जिस दौर में लोग पर्सनल कंप्यूटर के बारे में सोचते भी नहीं थे, शम्मी के पास खुद का कंप्यूटर और इंटरनेट हुआ करता था। वह कंप्यूटर के घरेलू इस्तेमाल को बढ़ावा देने वाले पहले भारतीय थे।

## 'पंचायत' 28 मई होगी रिलीज



**नई दिल्ली।** वेब सीरीज 'पंचायत' के पिछले दो सीजन दर्शकों के बीच जबरदस्त हिट रहे। अब इसका तीसरा सीजन आने वाला है। पिछले कई दिनों से दर्शक इसकी रिलीज डेट को लेकर लंबे वक्त से कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, प्राइम वीडियो के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्टर साझा कर रिलीज डेट का खुलासा कर दिया था। इसके साथ लिखा था, 'आपने लौकी हटाईं, हमने पुरस्कार में आपके लिए रिलीज डेट का खुलासा कर दिया'। सीरीज 28 मई को रिलीज होगी। सीरीज में जितेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक और अन्य जैसे लोकप्रिय चेहरे शामिल हैं।

### अजय की नेट वर्थ 427 करोड़ रुपए बताई जाती है

# ओटीटी के सबसे महंगे स्टार हैं अजय देवगन

*पिछले 2-3 साल में ओटीटी की दुनिया में बड़ा उछाल देखा गया। खासकर कोविड-19 महामारी के कारण थिएटर बंद होने के बाद। ओटीटी प्लेटफॉर्म अब अजय देवगन, सैफ अली खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, सोनाक्षी सिन्हा और सामंथा रुथ प्रभु जैसे बड़े सुपरस्टारों को अट्रैक्ट कर रहे हैं जो भारत के पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, डिज्नी प्लस, हॉटस्टार, जी 5 का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने के लिए अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं।*

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म की पॉपुलैरिटी बढ़ती जा रही है कई कलाकार भी उन पर आने के लिए अच्छी-खासी फीस ले रहे हैं। कुछ सुपरस्टार्स अपने ओटीटी शोज के जरिए करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। ओटीटी पर सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन हैं। जिन्होंने 2022 में हॉटस्टार के क्राइम थ्रिलर शो 'रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' से अपना ओटीटी डेब्यू किया था।



अजय देवगन हमेशा से ही बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर्स में से एक रहे हैं, लेकिन अपनी वेब सीरीज के बाद अजय देवगन ओटीटी पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर भी बन गए। एक रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अजय देवगन ने 'रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' के सात एपिसोड के लिए 125 करोड़ रुपए की भारी भरकम फीस ली है। यह सीरीज ब्रिटिश शो 'लूथर' का ऑफीशियल रीमेक है। कथित तौर पर अजय देवगन ने प्रति एपिसोड 18 करोड़ रुपए लिए जिससे वह भारत में सबसे ज्यादा फीस लेने वाले ओटीटी स्टार बन गए। अजय देवगन की नेट वर्थ 427 करोड़ रुपए बताई जाती है। ओटीटी में एक और पॉपुलर एक्टर मनोज बाजपेयी हैं जो वेब सीरीज और फिल्मों में एक्टिंग के लिए अच्छी खासी फीस लेते हैं। वह क्राइम थ्रिलर सीरीज 'द फैमिली मैन' में श्रीकांत तिवारी के रोल के बाद सबके फेवरेट बन गए।

## बिग बी और रजनीकांत की जोड़ी ने तोड़े हैं कमाई के सारे रिकॉर्ड



मुंबई। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज कलाकार हैं। अपनी बहुमुखी अदाकारी से दोनों ने लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया है। इन दिनों दोनों अभिनेता अपनी आगामी फिल्मों को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। अमिताभ नाग अश्विन द्वार निर्देशित 'कल्कि 2898 ए.डी.' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, रजनीकांत मशहूर निर्देशक लोकेश कनक राज की फिल्म 'कुली' में नजर आने वाले हैं। गत दिवस अमिताभ ने रजनीकांत के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी। दोनों के प्रशंसक इसे देख कर काफी उत्साहित हो गए थे। दशकों तक लगातार फिल्मों में सक्रिय रहने के दौरान दोनों अभिनेताओं ने कुछ मौकों पर साथ में स्क्रीन साझा किया है।

साल 1991 में रिलीज हुई इस फिल्म में अमिताभ और रजनीकांत साथ में नजर आए थे। फिल्म में रजनीकांत ने अमिताभ के छोटे भाई का किरदार निभाया था। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी मुकुल आनंद ने संभाली थी। फिल्म में इन दोनों कलाकारों के अलावा गोविंदा, किमी काटकर, डैनी डेंजोंगपा, अनुपम खेर आदि कलाकार भी नजर आए थे। फिल्म एक ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी।

## खबर संक्षेप



### महिला सशक्तिकरण के संबंध में की गई चर्चा

**प्रतापपुर।** भाजपा महिला मोर्चा ने समलेश्वरी मंदिर परिसर में महिला शक्ति के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने देश की प्रगति में सहभागी बनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान हेतु संचालित योजनाओं के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान मोर्चा की अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, हरि गुप्ता, विनोद जायसवाल, बिजेन्द्र कश्यप, विक्रम नामदेव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उचित मूल्य दुकानदारों के समस्याओं का जल्द निराकरण करने दिया आश्वासन



**बिश्रामपुर।** राशन विक्रेता संघ जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में गत दिनों एक बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के अलावा अन्य अतिथियों में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते, पूर्व बिश्रामपुर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव उपस्थित थे। बैठक में उचित मूल्य दुकानदारों द्वारा मांग रखी गई कि सूक्ति 3 प्रतिशत देते हुए कमीशन राशि को समय पर भुगतान किया जाए। अन्य प्रदेशों में 200 प्रति क्विंटल की दर से सेल्समैन को दिया जाता है एवं राज्य सरकार द्वारा वर्षों बाद भी आज तक 30 प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान दिया जाता है, जो कि बहुत ही कम है। केंद्र सरकार द्वारा 90 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से दिया जाता है लेकिन 2 वर्षों से वह भी नहीं दिया गया है और न ही इसमें कोई बढ़ोत्तरी की गई है। मुख्य अतिथि द्वारा उक्त मांगों का समर्थन करते हुए आगामी मानसून सत्र में इस बात को रखने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही यह भी आश्वस्त किया गया है कि उक्त मांगों को गंभीरता से लेते हुए निराकरण कराया जाएगा। बैठक में महिला समूह एवं पंचायत स्तर के राशन विक्रेता व सेल्समैन उपस्थित रहे।

### पासंग बांध में मछली पालन कार्य दिलाने हेतु कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में स्थित पासंग बांध में मछली पालन कार्य को स्थानीय लोगों को दिलाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा सूरजपुर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में उल्लेख है कि ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में करीब 50 एकड़ भूमि पर वर्षों पूर्व निर्माण कराए गए पासंग बांध में मछली पालन कार्य को पिछले कुछ वर्षों से नियम विरुद्ध तरीके से पड़ोसी सरगुजा जिले के एक व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा है। बांध में मछली पालन कार्य करने हेतु लंबे अरसे से प्रभावित गांव के लोगों द्वारा मांग की जा रही है, इसके बावजूद आज तक किसी भी अधिकारी व जनप्रतिनिधि द्वारा कोई उचित पहल नहीं किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। प्रभावित गांव के लोगों द्वारा सोमवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर उक्त बांध में मछली पालन कार्य को स्थानीय लोगों को लीज पर दिलाए जाने की मांग की गई है।

### शराब के नशे में वृद्धा ने पी ली कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** घर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वृद्धा ने न सिर्फ अत्यधिक शराब पी बल्कि नशे की हालत कीटनाशक को पी ली। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस चौकी लटोरी अंतर्गत ग्राम भंडारपारा निवासी बुधियारो पति स्व. सुखलाल चेरवा (60 वर्ष) गत दिन घर में कार्यक्रम होने पर अत्यधिक शराब पी ली। इस दौरान वृद्धा अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक काके पी ली।

### बीमारों में सर्वाधिक बच्चे, केवरा गड़रिया पारा का मामला

# शादी समारोह में बासी रसगुल्ला खाकर गांव के 15 लोग उल्टी-दस्त के शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान/अम्बिकापुर

शादी समारोह में दूषित भोजन करने से 15 से अधिक लोग उल्टी दस्त के शिकार हो गए। उल्टी दस्त के शिकार लोग पंडो बस्ती के रहने वाले है और इनमें भी सर्वाधिक बच्चे शामिल है। बीमार ग्रामीणों को उपचार के लिए केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। इधर घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया।

**खास बात**

- स्वास्थ्य विभाग ने गांव में लगाया कैंप

स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाकर लोगों की जांच की जा रही है। अब तक की जांच में पांच दिनों पुराना रसगुल्ला खाने से डायरिया की शिकायत होने की बात कही जा रही है। फिलहाल मरीजों की हालत सामान्य है और तीन मरीजों को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम केवरा गड़रिया डीह एक पंडो बाहुल्य गांव है। इस गांव में शादी का समारोह चल रहा था। शादी समारोह के तहत दी गई पार्टी में खाना खाने के बाद रविवार को बड़ी संख्या में लोग उल्टी दस्त के शिकार हो गए। डायरिया होने पर गांव से लगभग 11 लोगों को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन में सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह के निर्देश पर बीएमओ व टीम द्वारा गांव में कैंप लगाया गया जहां जांच उपरांत तीन से चार अन्य लोगों को देर रात उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभिक उपचार के बाद 3 बच्चों को छुट्टी दे दी गई जबकि शेष अन्य मरीजों का उपचार जारी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शादी समारोह में रसगुल्ला बनाया गया था। गर्मी के मौसम में कई दिनों बासी रसगुल्ला खाकर लोग बीमार हुए। बासी रसगुल्ला खाने से उन्हें उल्टी दस्त की शिकायत हुई। इसके साथ ही गांव में ग्रामीण ढोढ़ी का दूषित पानी पीते है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को ताजा व पका हुआ भोजन खाने व पानी को उबालकर पीने की समझाइस दी गई है इसके साथ ही गांव में दवाओं का वितरण किया गया है।



अस्पताल में भर्ती पीड़ित।

**ये ग्रामीण हुए बीमार**

शादी समारोह में बासी रसगुल्ला खाकर लगभग 15 लोग बीमार हुए थे। इनमें महिलाओं के साथ ही सर्वाधिक बच्चे शामिल है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार उल्टी दस्त के कारण 5 वर्षीया दुर्गा पंडो आ. वीर साय, 6 वर्षीय आशीष पंडो आ. वीर साय, 36 वर्षीया सुखमन पंडो पति वीर साय, 30 वर्षीया सोमारी पति मोहितलाल पंडो, 3 वर्षीया स्वाकीती पंडो आ. गोपाल., 7 वर्षीया मानमति आ. नानसाय पंडो, 2 वर्षीया परिधि पंडो आ. शुशील पंडो, 7 वर्षीया अन्नू पंडो आ. रामशंकर पंडो, 7 वर्षीय दिलबसन आ. सोहन पंडो, 2 वर्षीय चंद्रदेव पंडो आ. बाबूलाल पंडो, 5 वर्षीया सुनैना पंडो आ. जगलाल, 3 वर्षीया शिवानी पंडो आ. जगलाल पंडो, 10 वर्षीया चन्दा पंडो आ. भैयालाल पंडो बीमार हुए थे। इनमें से तीन बच्चों को छुट्टी दे दी गई है। अस्पताल में अभी भी आठ बच्चों समेत अन्य का उपचार चल रहा है और फिलहाल सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है।

**मरीजों की स्थिति सामान्य**

शादी समारोह में बासी रसगुल्ला खाने से पंडो बस्ती के महिलाएं, बच्चे बीमार हुए थे। उल्टी दस्त की शिकायत पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। तीन बच्चों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है जबकि बाकी महिलाओं व बच्चों का उपचार जारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाया गया। फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति सामान्य है।

-डॉ. आरएस सिंह, सीएमएचओ



## शॉट सर्किट से दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत हर्राटिकरा इमलीपारा में स्थित एक किराना व बिरयानी दुकान में बीती रात शॉट सर्किट से लगी आग से कई लाख रुपए के सामान जलकर खाक हो गए हैं। दुकानदार द्वारा मामले की सूचना जयनगर थाना में दे दी गई है। गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राटिकरा इमलीपारा में स्थित संजय राजवाड़े के किराना व बिरयानी दुकान में बीती रात शॉट सर्किट से आग लग गई। बताया जा रहा है कि रात में करीब साढ़े तीन बजे भूसा लोडकर जा रहे एक ट्रक चालक ने घटना को देखकर तत्काल इसकी सूचना दुकानदार को दी। सूचना मिलते ही दुकानदार ने परिजन के साथ मौके पर पहुंचकर देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। दुकानदार ने सक्रिय होकर तत्काल हिम्मत जुटाते हुए दुकान के शटर को उठाकर दुकान में रखे गैस सिलेंडर को बाहर निकाला तथा पाइप के माध्यम से पानी का छिड़काव करके काफी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि आगजनी की उक्त घटना में दुकान में रखे किराना सामान के अलावे गल्ले में रखा करीब बीस हजार रुपए नगदी सहित फ्रीज, कूलर जल गए हैं। दुकानदार ने उक्त घटना से करीब चार लाख रुपए के आर्थिक नुकसान होने की बात कही गई है।

## परशुराम जन्मोत्सव व मंदिर निर्माण को लेकर ब्राम्हण समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी एवं समाज के भवन निर्माण को लेकर सरगुजा सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। भगवान परशुराम मंदिर परिसर में आयोजित बैठक के दौरान अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय, संरक्षक आरएन अवरथी की उपस्थिति में अतिथियों ने अपने विचार रखे।

सलाहकार मंडल के सदस्य जयराम मिश्र ने प्रांत से आए सभी समाज के सदस्यों का स्वागत किया। आलोक दुबे ने कहा कि जो लोग समाज से जुड़े हुए नहीं है उन्हें भी इस समाज में जोड़ने का प्रयास किया जाए और सभी अपने परिवार के साथ शोभा यात्रा में शामिल हो। संयोजक द्वितेन्द्र मिश्रा ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव भव्य रूप में मनाने के लिये चल रही तैयारी पर संतोष व्यक्त किया। राजेश तिवारी ने कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया गया। संरक्षक एवं विशिष्ट अतिथि आर.एन. अवस्थी द्वारा भी इस कार्यक्रम के लिये शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ बृजेश पाण्डेय के उपस्थित होने पर सभी ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत अभिनंदन किया गया वहीं श्रीष मिश्रा द्वारा रामगढ़ पर उनके द्वारा लिखी पुस्तक के लिए अभिनन्दन किया गया। समाज के अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय ने विस्तार से चर्चा कर सहमति व्यक्त करते हुये भगवान परशुराम शोभा यात्रा एवं मंदिर निर्माण के संबंध बताया की शोभा यात्रा को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु प्रत्येक कार्य के लिये पृथक पृथक समिति बनाकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी।

## बाथरूम में गिरे युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**अम्बिकापुर।** बाथरूम गया युवक अचानक अचेत हो गया। परिजन सहित पड़ोसियों ने युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भगवानपुर महापौरपारा निवासी धनंजय सिह आ. राम सिंह (42 वर्ष) आज सुबह 6 बजे बाथरूम गया था तभी अचानक बाथरूम में ही अचेत हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर पड़ोसी बबीता प्रधान ने धनंजय की अचते हो जाने की सूचना पड़ोसी को दी। पड़ोसियों ने तत्काल उसे शहर के निजी अस्पताल में लेकर गए जहां चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन व पड़ोसियों ने अचेत युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

## अंजनहिल माइंस में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

6 मई 2010 को एसईसीएल के चिरमिरी क्षेत्र में स्थित अंजनहिल भूमिगत खान में हुए भीषण दुर्घटना में कर्म पथ पर अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले तथा असमय काल के गाल में समाने वाले 15 अमर शहीदों की स्मृति में बने अंजनहिल शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर महाप्रबंधक चिरमिरी क्षेत्र नवनीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिकारी-कर्मचारियों सहित श्रम संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

ज्ञात हो कि अंजनहिल अंडर ग्राउंड माइंस एसईसीएल के चिरमिरी क्षेत्र में संचालित रही। 6 मई 2010 को खदान में एक हादसे में 14 श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद अंजनहिल एवं इसके साथ लगी अंडरग्राउंड माइंस बरतुंगा को बंद कर दिया गया था। अब 14 साल बाद कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा अंजनहिल माइंस को शुरू करने की तैयारी की जा रही है। महाप्रबंधक नवनीत श्रीवास्तव ने बताया कि अंजनहिल माइंस के पुनः संचालन के लिए प्रक्रिया जारी है। इस अवसर पर सभी श्रम संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी एवं श्रमिक उपस्थित रहे।



श्रद्धांजलि अर्पित करते अधिकारी-कर्मचारी व अन्य।

## पत्नी की हत्या के बाद लाश को दफन करने घर के अंदर खोद रहा था गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के सरभंजा में युवक ने चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या कर दी। युवक ने शराब के नशे में पत्नी की पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान युवक महिला की लाश को घर के अंदर ही दफन करने के लिए गड्ढा खोद रहा था। इसी बीच युवक का भाई मौके पर पहुंच गया और भाभी की लाश देखकर उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

- चरित्र शंका पर उतारा मौत के घाट, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया। इसके साथ ही पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम सरभंजा पटेलपारा निवासी मुन्ना सरोती पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। युवक होली के समय से गर्म कपड़ों का व्यवसाय करने के लिए गांव से बाहर गया हुआ था और हाल ही में वापस घर लौटा था। इस दौरान दोनों ने घर में बैठकर एक साथ शराब पीया। शराब पीने के बाद दोनों के बीच चरित्र शंका को लेकर विवाद शुरू हो गया और इसी विवाद के दौरान युवक ने डंडे से पत्नी की बेदम पिटाई कर दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला की मौत के बाद युवक घर में ही अपनी पत्नी की लाश को दफन करने की तैयारी कर गड्ढा खोद रहा था इसी बीच उसका भाई सखाराम मौके पर पहुंच गया। घर के अंदर रक्त रंजित लाश देखकर उसने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी।

इधर घटना के बाद युवक गांव से फरार हो गया था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया इसके साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने घेराबंदी कर सरभंजा पटेलपारा निवासी 30 वर्षीय मुन्ना सरोती को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि चरित्र शंका के कारण उसने पत्नी की हत्या कर दी और लाश को छिपाने के लिए गड्ढा खोद रहा था। पुलिस ने आरोपी पति को धारा 302, 201 के तहत गिरफ्तार कर लिया है इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त डंडा, गड्ढा खोदने में प्रयुक्त फावड़ा जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर अशोक शर्मा, सउनि सहदेव राम बर्मन, प्रधान आरक्षक अखिलेश्वर, आरक्षक अमित टोप्पो, कमल मरावी, जितेंद्र शामिल रहे।



## संदिग्ध हालत में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद क्षेत्र के एक विवाहित महिला की संदिग्ध हालत में फांसी लगने का बड़ा मामला सामने आया है। मृतिका के परिजन ने हत्या कर शव फांसी में लटकाने की बात कह रहे हैं। स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पूरा मामला हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम मरघट्टी का है।

जानकारी के अनुसार रविवार 5 मई की दोपहर मरघट्टी निवासी मट्टूराम कश्यप ने हसौद पुलिस को सूचना दिया कि उसका बहू सरिता कश्यप ने घर के पंखे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छपोरा नायब तहसीलदार की उपस्थिति में पंचनामा कर मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सोमवार 6 मई को सरिता के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया और हसौद पुलिस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुकालू कश्यप सरिता का दूसरा पति है, सरिता ने प्रेम प्रसंग के चलते अपने पहले पति पवन कश्यप को छोड़ दिया था और मरघट्टी के ही दुकालू कश्यप के साथ पारिवारिक व सामाजिक सहमति के बाद रह रही थी।



**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

मृतिका के भाई रामचरण कश्यप ने सरिता के पति दुकालु कश्यप समेत ससुराल वालों पर मारपीट और आत्महत्या करने का आरोप लगाया है। रामचरण का कहना है कि जिस दिन उसे उसकी बहन सरिता के आत्महत्या का खबर मिला। उस दिन सरिता ने उसे फोन कर बताया था कि उसके ससुराल से निकल जाने नही तो उसे और उसके भाई को झूठे केस में फंसाने सास और ननंद के द्वारा धमकी दिया गया था। रामचरण का कहना है कि इसके पहले भी सरिता के साथ हुए लड़ाई झगड़े का मामला थाना पहुंच चुका है। उस समय दुकालू कश्यप ने अपनी गलती मानकर सरिता को समझाया बुझाया था।

## बस बिजली खंभे से टकराई कोई हताहत नहीं

**बिश्रामपुर।** बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बिजली खंभे को क्षतिग्रस्त कर दिया है जिससे ग्राम कुंजनगर, हर्राटिकरा में आधे दिन विद्युत बाधा से ग्रामीण परेशान रहे।बताया गया कि सूरजपुर से कंदरई,कोरिया, जमदेई, पेंड्रखी ,रतनपुर के मतदान दलों के सदस्यों को लेकर जा रही बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कुंजनगर अटल चौक के पास एलटी लाइन के विद्युत खंभे को ठोकर मार दी।घटना में बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया और दो तीन गांवो में विद्युत बाधा की स्थिति निर्मित हो गई।घटना के बाद सूचना पर पहुंचे विद्युत अमले ने सुधार कार्य चलाकर क्षतिग्रस्त खंभे को बदलते हुए देर शाम तक विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई ।

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 11 मई 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैंकुण्ठपुर
मो. 9425255110, 9425269110

# तापमान पहुंचा 41 डिग्री के ऊपर पूरे दिन शहर की सड़कें रहीं सूनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मई के महीने में गर्मी ने अपनी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। सोमवार का दिन सीजन का सर्वाधिक गर्म दिन रहा तथा पहली बार तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया। मौसम विज्ञानी मंगलवार को भी भीषण गर्मी पड़ने एवं तापमान के 42 डिग्री के ऊपर पहुंचने का अनुमान लगा रहे हैं। मई के महीने में हर साल भीषण गर्मी पड़ती है तथा तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच जाता है। इस बार अप्रैल महीने में भी भीषण गर्मी पड़ी लेकिन मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रहा। मौसम विज्ञानी मई महीने के प्रथम सप्ताह में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान लगा रहे थे लेकिन अरब सागर से आ रही नमी से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के कारण तापमान नियंत्रित रहा। इस दौरान मई के प्रथम सप्ताह में दिन का तापमान 40 डिग्री के नीचे स्थिर रहा।

रविवार को चिलचिलाती धूप निकलने के साथ मौसम कार्यालय द्वारा दिन का तापमान 40.5 डिग्री रिकार्ड किया गया था। सोमवार को चिलचिलाती धूप ने सुबह ही भीषण गर्मी पड़ने का अहसास करा दिया था। पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के कारण दोपहर बाद शहर की सड़कों पर आवागमन थम गया तथा शाम तक सड़के सूनी रहीं। सूर्यास्त के बाद लोगों का आवागमन बढ़ने के साथ बाजार में कुछ चहल-पहल दिखी। एक दो दिन में पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर फिर से बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं तेज हवा के साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है। मंगलवार को सरगुजा संसदीय सीट का मतदान है। मतदान दिवस के दिन भी भीषण गर्मी पड़ने एवं तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है। वर्तमान में पड़ोसी प्रांत झारखण्ड एवं उड़ीसा में गर्म हवा के थपेड़े चल रहे हैं जिसका प्रभाव सरगुजा संभाग पर भी पड़ने की संभावना है।



**चलेंगी तेज हवाएं**

विक्षोभ के प्रभाव से दो-तीन दिनों में आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के बाद गर्मी से कुछ राहत मिलने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की हवाएं चलने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की हर्षा होने के अनुमान है। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर गर्मी अपना असर दिखाएगी। हालाकि मई महीने में दिन का तापमान 42 डिग्री के ऊपर पहुंच जाता है। मौसम विज्ञानी तापमान में और अधिक वृद्धि होने का अनुमान लगा रहे हैं लेकिन तापमान 42 डिग्री के ऊपर पहुंचेगा इसकी संभावना कम है। मौसम विज्ञानी मतदान के दिन तापमान के 42 डिग्री के निकट पहुंचने की संभावना जता रहे हैं।

**मई में भीषण गर्मी का रिकार्ड**

सरगुजा में मई के महीने प्रायः अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंचता है। मौसम कार्यालय द्वारा 20 मई वर्ष 1988 के दिन पहली बार दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। इसके बाद 26 मई 2013 के दिन भीषण गर्मी पड़ी थी तापमान 44.8 डिग्री तक पहुंचा था। इस साल भी भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। लेकिन मई के गर्मी का रिकार्ड ब्रेक होने की संभावना नही हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार एक पछुआ विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व एवं 26 डिग्री उत्तर के क्षोभ मंडल में स्थित है। इसके साथ ही मराठवाड़ा के ऊपर एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण एवं मराठवाड़ा से तमिलनाडु तक एक द्रोणिका सक्रिय है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-

चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411